आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 11 | अंकः 09 | जयपुर, गुरुवार 23 जुलाई, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



कोटा-बूंदी लोकसभा... पेज 2



असहाय बच्चों के... पेज 3

## 'कॉकरोचों' पर लाठीचार्ज- सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार...

# चीफ जस्टिस बोले- वीडियो देखने का वक्त नहीं, हमारा समय बर्बाद न करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार कर दिया है। बुधवार को एक वकील ने सीजेआई की अगुआई वाली 3 जजों की बेंच के सामने जनहित याचिका लगाई थी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हमें वीडियो देखने में कोई रुचि नहीं है। हमारे पास उन्हें देखने का समय नहीं है। जब वकील ने छात्रों के साथ मारपीट के वीडियो देखने का दूसरी बार अनुरोध किया तो सीजेआई ने कहा, 'हमारा और अपना समय बर्बाद मत कीजिए।' बता दें कि 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा था, कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच जैसे होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या आरटीआई एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करने लगते हैं। इस टिप्पणी के बाद ही अभिजीत दीपके ने इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी नाम से अकाउंट बनाया था। कॉकरोच जनता पार्टी ने 20 जुलाई को संसद मार्च निकाला था। इस दौरान हजारों प्रदर्शनकारी संसद की तरफ बढ़े थे, इन्हें रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। इसमें 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी और छात्रों को चोटें आई थीं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'छात्रों की ओर से महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जा रहे हैं। वे नीट परीक्षा सही तरीके से कराने और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी में सुधार जैसे मुद्दों की बात कर रहे हैं।' याचिकाकर्ता वकील ने कहा, पुलिस की कथित बर्बरता के वीडियो भी हैं। यदि संभव हो तो मामले की सुनवाई गुरुवार को कराई जाए, क्योंकि छात्र अभी भी प्रभावित हैं। इस पर सीजेआई ने कहा, हमें वीडियो में दिलचस्पी नहीं है, हमारे पास देखने का समय नहीं है।

### दिल्ली हाईकोर्ट का भी तत्काल सुनवाई से इनकार

मंगलवार को ऐसा ही एक मामला दिल्ली हाईकोर्ट में भी पहुंचा था। तब दिल्ली हाईकोर्ट ने भी इसी तरह की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। कहा था कि कोर्ट को इसमें न घसीटें। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने कहा- लाठीचार्ज की जांच हो सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने निर्दोष छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की निंदा की है। एसोसिएशन ने कहा है कि इस कार्रवाई में कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना की तुरंत, निष्पक्ष और समय से जांच होनी चाहिए। जिम्मेदार लोगों की पहचान और उन पर उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

### सीजेआई के बयान से बनी कॉकरोच जनता पार्टी

कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत मई 2026 में सीजेआई सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई थी। इसे सोशल मीडिया पर बनाया गया। देखते



ही देखते लाखों फॉलोअर्स बढ़ गए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच 15 जनवरी को वकील संजय दुबे की दिल्ली हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता सीनियर वकील का दर्जा पाना चाहता था। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि क्या सीनियर एडवोकेट का टैग सिर्फ एक स्टेटस सिंबल है या न्याय व्यवस्था में भागीदारी का एक जरिया। सीजेआई सूर्यकांत ने तब कहा था, कॉकरोच की तरह बहुत से युवा ऐसे हैं, जिन्हें इस पेशे में रोजगार नहीं मिल रहा है। वे सोशल मीडिया और आरटीआई एक्टिविज्म बन रहे हैं। हजारों लोग ऐसे हैं जो काले चोगे पहनकर घूम रहे हैं, लेकिन उनकी डिग्रियों पर गंभीर संदेह है। बेंच ने यह भी कहा था कि दुनिया में हर कोई सीनियर बनने के योग्य हो सकता है, लेकिन याचिकाकर्ता इसके हकदार नहीं हैं। अगर उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट ने सीनियर एडवोकेट बना भी दिया, तो सुप्रीम कोर्ट उनके व्यवहार को देखते हुए उस फैसले को रद्द कर देगा। सीजेआई ने सफाई दी थी, कहा था- बयान को गलत तरीके से दिखाया गया सीजेआई ने बाद में सफाई दी थी। कहा था कि मीडिया के एक वर्ग ने मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया। सीजेआई ने कहा, मेरी टिप्पणी खास तौर पर उन लोगों के लिए थी, जो फर्जी और नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में आ गए हैं। मीडिया, सोशल मीडिया और दूसरे सम्मानित पेशों में भी ऐसे लोग घुस आए हैं। वे परजीवियों जैसे हैं।

## हाईकोर्ट बोला- मारपीट के फुटेज सुरक्षित रखें

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ कोई एक्शन न हो। सरकार भरोसा दे तो वे अनशन खत्म कर सकते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकार की तरफ से बातचीत की पेशकश ठुकरा दी। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि वे बातचीत के लिए किसी के घर या दफ्तर नहीं जाएंगे। अगर सरकार बातचीत करना चाहती है तो जंतर-मंतर आए या उसके आसपास किसी जगह पर बैठक करे। दिल्ली हाईकोर्ट में स्टूडेंट्स से मारपीट के मामले में अर्जी पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सरकार से कहा- मारपीट के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखे जाएं। उधर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का आज 33वां दिन है। बुधवार सुबह से हजारों प्रदर्शनकारी यहां मौजूद हैं। इस बीच सुरक्षा कारणों से दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए है।

### दिल्ली में 16 मेट्रो स्टेशन बंद

अभिजीत दीपके ने सोनम वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का शांतिपूर्ण प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल से **CRPF** की 20 अतिरिक्त कंपनियों को दिल्ली में तैनात करने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर करीब 2000 जवानों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एयरलिफ्ट कर लाया गया। दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान **RAF** के एक जवान पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, वायरल वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारी **RAF** जवान के साथ मारपीट करते, आरएएफ के वाहन पर पथराव करते



और उसमें तोड़फोड़ करते दिखाई दे रहे हैं।

### हाईकोर्ट का सवाल- आप यह कैसे कह सकते हैं कि यह पब्लिसिटी के लिए दायर याचिका है?

कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता के आरोपों वाली याचिकाओं पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट नोटिस जारी कर रिकॉर्ड, जैसे सीसीटीवी और अन्य फुटेज, सुरक्षित रखने को कहा है। बुधवार की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकीलों और दिल्ली पुलिस व केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस. राजू के बीच तीखी बहस हुई। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने आरोप लगाया कि महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की गई और उनके निजी अंगों पर हमला किया गया, कील लगे डंडों का इस्तेमाल किया गया, पुलिसकर्मियों के पास कोई बैज नहीं था, और उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इन दावों की पुष्टि करने वाले 110 वीडियो हैं। **ASG** राजू ने इसका विरोध करते हुए कहा कि भीड़ बेकाबू थी, पुलिसकर्मी घायल हुए थे और उन्होंने कहा कि इन याचिकाओं का मकसद सुर्खियां बटोरना और पब्लिसिटी पाना था। हालांकि, चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस दावे पर सवाल उठाते हुए पूछा, आप यह कैसे कह सकते हैं कि यह पब्लिसिटी के लिए दायर याचिका है?

### एबीवीपी ने परीक्षा सुधारों के लिए हाई-लेवल पैनल की मांग की

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा की निंदा की। संगठन ने आरोप लगाया कि गलत राजनीतिक मंशा वाले लोगों और असामाजिक तत्वों ने छात्रों के एक जायज आंदोलन को बाधित करने की कोशिश की। संगठन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता की व्यापक समीक्षा करे।

## राहुल बोले-पुलिसवालों ने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए

### मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने दिल्ली के इंदिरा भवन में छात्रों के खिलाफ लाठीचार्ज पर करीब 40 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सबसे पहले अपने प्रेजेंटेशन में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो मार्च में शामिल छात्रों के वीडियो चलाए। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि सुरक्षाबलों ने छात्रों को बुरी तरह पीटा। ऐसा क्यों किया गया। नीट पेपर लीक से देश के 7.5 करोड़ स्टूडेंट्स और उनके परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं। नीट मामले में किसी भी को सजा नहीं हुई। राहुल ने कहा- जब पुलिसवाले मुझे हटाने आए तो उन्होंने मेरे कान में कहा सरकार को हटाइए। मुझे घसीटा तो मुंह से खून आया, दो-तीन पंच लगे, लेकिन धर्मेंद्र प्रधान को जाना होगा।

**महिलाओं के साथ बर्बरताः** महिलाओं के साथ पुलिस बदसलूकी करते दिख रही है। डीसीपी संदीप लांबा पर लडकी को थप्पड मारने के आरोप लग रहे हैं।

**पैलेट गन का इस्तेमालः** प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। एक छात्र के शरीर पर बंदूक के छर्रे दिखाई दिए। हालांकि, पुलिस ने पैलेट गन के इस्तेमाल के दावे को खारिज किया है।

**घायल छात्रों की चीख-पुखारः** छात्र शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन पुलिस अचानक उन पर लाठीचार्ज कर देती है। वीडियो में दिखाया गया कि किसी छात्रों के सिर से खून बह रहा तो किसी छात्र को पुलिस घसीट रही है।

## राज्यसभा में खड़गे बोले- प्रधान इस्तीफा दें, फिर चर्चा करेंगे

### राहुल समेत कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहनकर पहुंचे; हंगामे के बीच दोनों सदन कल तक स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को विपक्ष ने कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थकों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर हंगामा किया। हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा को गुरुवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, वे सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा तभी चाहते हैं जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दे दें। सदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि सरकार पिछले तीन दिनों से लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा की पेशकश कर रही है। लेकिन विपक्ष मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। विपक्षी पार्टियां 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, पेपर लीक का विरोध कर रही हैं।

### नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग

नीट विवाद और छात्रों पर लाठीचार्ज के मामले में विपक्ष ने राज्यसभा में नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की। हालांकि, सभापति ने इसे खारिज कर दिया।

### राजनाथ बोले- विपक्ष युवाओं को राजनीतिक हथियार न बनाएं

राजनाथ सिंह ने कहा- दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शन गंभीर चिंता का विषय हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश के छात्रों और युवाओं को कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए एक राजनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारे छात्रों की हर चिंता को सुनना और उसका





समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भारत के जागरूक, परिपक्व और विवेकशील युवा ऐसे भ्रामक प्रयासों को भली-भांति समझते हैं और वे प्रगति, विकास तथा राष्ट्रनिर्माण के मार्ग को ही चुनेंगे।

### राज्यसभा में जेपी नड्डा बोले- संसदीय मर्यादा को तार-तार किया जा रहा है

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा, **INDI** गठबंधन का व्यवहार बहुत गैर-जिम्मेदाराना है। हम संसद में उनके इस लोकतंत्र-विरोधी व्यवहार को साफ देख सकते हैं। संसदीय मर्यादा को तार-तार किया जा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अभी-अभी बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार





सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

### टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी मानसून सत्र से सस्पेंड किए गए

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी को पूरे मानसून सत्र से निलंबित कर दिया गया है। कल्याण के खिलाफ यह कार्रवाई महिला सांसदों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर की गई थी। दरअसल मई 2026 में तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तिदार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कल्याण बनर्जी के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई थी।

### लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित

लोकसभा में हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही आज दोपहर 3 बजे तक स्थगित रहेगी।

### खड़गे बोले- पहले शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें, फिर चर्चा होगी

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहले इस्तीफा दें फिर सदन में चर्चा होगी। पीएम मोदी पहले इस बात का आश्वासन दें। दरअसल सरकार सदन में नीट पेपर लीक मामले में चर्चा को तैयार है।

## 63 वें शंभू ओमकारा 72 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ 23 जुलाई गुरुवार से



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बून्दी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व कल्याण व वैश्विक शांति के साथ अच्छी वर्षा की कामना के लिए शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी 63 वें 72 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ गुरुवार 23 जुलाई रात्रि 10ः30 बजे से विधि-विधान पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी ने बताया की विश्व कल्याण व वैश्विक शांति के साथ अच्छी वर्षा की कामना के लिए वैधनाथ महादेव पर 72 घंटे के अखंड कीर्तन %शंभू ओंकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी का आयोजन विगत 62 वर्षों से चला आ रहा है ।इसी क्रम में शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के तत्वाधान में 63 वें शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाश अखंड कीर्तन का 23 जुलाई शुभारंभ गुरुवार रात 10ः30 बजे विधि विधान पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। जिसकी पूर्णाहुति 26 जुलाई रविवार रात्रि 10ः30 बजे महाआरती के साथ होगी। सोमानी ने बताया कि शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के संरक्षक शोभाराम गुलाबवानी सूरत से गुरुवार सुबह अखंड कीर्तन हेतु पधारेंगे। जो मंडली के साथ 72 घंटे के अखंड कीर्तन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सूरत से बड़ी संख्या में व्यापारी भी बूंदी पहुंचकर इस अखंड कीर्तन में हिस्सा लेते हैं। तीन दिवस तक अखंड रूप से शंभू ओमकारा का जाप किया जाता है जिससे शहर का माहौल भक्ति में हो जाता है इसमें शहर की धर्म प्रेमी जनता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है।

## राजस्थानी फिल्म पगड़ी ऊंची,मूंछां पे मरोड के पोस्टर का विमोचन

## ग्लैम ऑफ बॉलीवुड' मंच पर फिल्म मेकर सुरेश मुदगल का सम्मान

● अतुल्य संसार नेटवर्क




**सुमेर सिंह राव/झुंझुनूं।** राजधानी जयपुर में आयोजित 'ग्लैम ऑफ बॉलीवुड' कार्यक्रम में राजस्थान की नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फिल्म मेकर सुरेश मुदगल को जूरी सदस्य के रूप में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान एसआरके फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले तैयार किए जा रहे राजस्थानी गीत 'पगड़ी ऊंची = मूंछां पे मरोड़, राजस्थानी रो कोई नी तोड़' का विमोचन किया गया। आयोजकों के अनुसार यह गीत राजस्थान की कला, संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली विरासत को दर्शाएगा। गीत को अभिषेक मिश्रा ने स्वर दिए हैं, जबकि संगीत निर्देशन अमित ओझा का है। राहुल वर्मा कास्टिंग डायरेक्टर हैं ।निर्माता व गीतकार डॉ भावना शर्मा हैं। गीत की परिकल्पना और निर्देशन की जिम्मेदारी संभाल रहे सुरेश मुदगल ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए 786 प्रतिभागियों की ऑनलाइन प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। इनमें से चयनित 16 प्रतिभागियों को 'ग्लैम ऑफ बॉलीवुड' मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला।

## गहलोत बोले-ओएमआरशीट घोटाले पर कब कार्रवाई करेगी सरकार



**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा नेताओं पर पलटवार किया है। अशोक गहलोत ने कहा- भाजपा को कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन से इतनी बेचैनी क्यों है? युवाओं के भविष्य पर जवाब देने की बजाय भाजपा झूठे आंकड़े गढ़ रही है। गहलोत ने आगे कहा- छात्रों पर लाठियां बरसाने और ओएमआर घोटाले को दबाने वाली सरकार के नेताओं को कांग्रेस से सवाल पूछने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा सरकार जवाब दे कि वह ओएमआर घोटाले की जांच कब करवाएगी? गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा- साल 2013-18 के भाजपा शासनकाल में 12 पेपर लीक हुए। तब न कोई कठोर कानून बना, न कोई बड़ी गिरफ्तारी हुई। तब भाजपा सरकार ने कार्रवाई न कर पेपर लीक माफिया को बढ़ावा देने का काम किया।

### हमने पेपरलीक के खिलाफ सख्त कानून बनाया : गहलोत

गहलोत ने एक्स पर लिखा- हमारी कांग्रेस सरकार ने पेपर लीक के विरुद्ध देश का सबसे कठोर कानून बनाया। 2022 में एक्ट लाकर आजीवन कारावास ती सजा, संपति जब्त और 10 करोड़ के जुर्माने का प्रावधान किया। आजीवन कारावास का प्रावधान करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बना।

### पेपर माफिया की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलवाया

गहलोत ने लिखा- हमने बिना किसी को बख्शे कार्रवाई की। RPSC के पदस्थ सदस्य तक को गिरफ्तार करवाया, पेपर माफिया की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलवाया, दोषी कर्मचारियों को बर्खास्त किया और प्रभावित परीक्षाएं रद्द कर तुरंत पुनर्परीक्षा करवाई और युवाओं को नौकरी दी। इतनी सख्ती से आरोपियों पर केस दर्ज किए गए कि वे अभी भी जेल की सलाखों के पीछे हैं।

# कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से होगी 'नो योर कॉन्स्टिट्यूशन' पहल की शुरुआत

## विद्यार्थियों में संवैधानिक जागरूकता और प्रतियोगी भावना विकसित करने पर जोर

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला के मार्गदर्शन में संविधान के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने, प्रतियोगी भावना विकसित करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से 'नो योर कॉन्स्टिट्यूशन' कार्यक्रम के संबंध में जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समयबद्ध पंजीयन, व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अगस्त में होगा विधिवत शुभारंभ, कोटा-बूंदी से होगी शुरुआत

लोकसभा अध्यक्ष के निजी सचिव राजेश डागा ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 'नो योर कॉन्स्टिट्यूशन' का विधिवत शुभारंभ अगस्त माह में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला करेंगे। इसकी शुरुआत कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से की जा रही है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस पहल को देश के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र तक विस्तारित कर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने की योजना है।

### तीन श्रेणियों में होगी प्रतियोगिता

राजेश डागा ने बताया कि प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित होगी। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए 'संविधान अंकुर', कक्षा 9 एवं 10 के लिए 'संविधान प्रहरी' तथा कक्षा 11 एवं 12 के लिए 'संविधान रक्षक' श्रेणी निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विद्यालय को विद्यार्थियों का पंजीयन कराना होगा तथा प्रत्येक विद्यालय में कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय के लिए एक नोडल प्रभारी नियुक्त किया जाएगा।




### प्रतिदिन पांच प्रश्न, साप्ताहिक परीक्षा और मासिक संविधान रैली

उन्होंने बताया कि विद्यालयों की प्रार्थना सभा में प्रतिदिन संविधान से जुडे पांच प्रश्नों की जानकारी विद्यार्थियों को दी जाएगी। सप्ताह में एक दिन उन प्रश्नों पर आधारित परीक्षा आयोजित होगी तथा प्रत्येक माह संविधान रैली निकाली जाएगी, जिससे विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजन में भी संविधान के प्रति जागरूकता बढ़े।

### नवंबर में प्रथम चरण, जनवरी में मुख्य परीक्षा

राजेश डागा ने बताया कि कार्यक्रम का प्रथम चरण नवंबर माह में आयोजित होगा, जिसमें संविधान आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके बाद जनवरी माह में दूसरे चरण के रूप में मुख्य परीक्षा आयोजित होगी, जो एमसीक्यू (बहुविकल्पीय प्रश्न) आधारित रहेगी। कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र के लगभग 2,505 सरकारी एवं निजी विद्यालयों से प्रत्येक श्रेणी में 3 उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को संसद भ्रमण का अवसर भी प्रदान किया जाएगा।

### विद्यार्थियों में संवैधानिक समझ और प्रतियोगी भावना विकसित करना उद्देश्य

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बडाना, संवैधानिक मूल्यों की समझ विकसित करना तथा उनमें स्वस्थ प्रतियोगी भावना का विकास करना है। इससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति उनकी रुचि भी बडेगी।

### कंट्रोल रूम करेगा समन्वय, छूटे विद्यालयों को मिलेगा अवसर

राजेश डागा ने बताया कि कार्यक्रम के सुचारु संचालन एवं प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। विद्यालय कंट्रोल रूम के माध्यम से पंजीयन एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अधिकांश विद्यालयों का पंजीयन हो चुका है तथा जो विद्यालय किसी कारणवश छूट गए हैं, उन्हें पुनः अवसर देकर कार्यक्रम से जोडा जाएगा।

### पंचायत दर्पण' से प्रत्येक बच्चे और परिवार तक पहुंचेंगी योजनाएं

बैठक में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा संचालित 'पंचायत दर्पण' अभियान की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे के आवश्यक दस्तावेज, विशेषकर जन्म प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड, बनवाना तथा जिन दस्तावेजों में त्रुटियां हैं उनका स्थानीय स्तर पर शिविर लगाकर निराकरण करना है। विद्यालयों को ऐसे बच्चों की पहचान कर विशेष अभियान के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने के निर्देश दिए गए हैं। राजेश डागा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का मानना है कि अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल दस्तावेजों के अभाव या जानकारी की कमी के कारण बच्चों और उनके परिवारों तक नहीं पहुंच पाता। पंचायत दर्पण के माध्यम से दस्तावेज बनाने एवं उनकी त्रुटियों के निराकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाएगा, ताकि प्रत्येक पात्र बच्चे, व्यक्ति और परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा लोगों का जीवन अधिक सरल और सुगम बन सके।

### जिला कलक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, समय पर पंजीयन पूर्ण कराने, व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा सभी विद्यालयों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम (सीलिंग) रवि वर्मा, संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग आशा मंडावत, उपनिदेशक प्रेमचंद अजमेरा, सीबीईओ कृति मल्होत्रा, माननीय लोकसभा अध्यक्ष के निजी सहायक क्रान्ति चन्द्र नागर ,सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, डाइट सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मौसमी बीमारियों, HRP ट्रैकिंग, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर बीसीएमओ डीग डॉ रामअवतार शर्मा ने ली महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीग डॉ विजय कुमार सिंघल के अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स और महिला स्वास्थ्य कर्मियों की एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्षा ऋतु के मद्देनजर मौसमी बीमारियों, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी गैर-संचारी रोगों और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति पर गहन चर्चा की गई ।बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित चार बिंदुओं पर विशेष रणनीति तैयार की गईःमौसमी बीमारियों पर कड़ा पहराः डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और मौसमी बुखार की रोकथाम के लिए फील्ड स्टाफ को एक्टिव सर्विलांस के निर्देश दिए गए। बीसीएमओ ने कहा कि बुखार के हर मरीज की रक्त पट्टिका अनिवार्य रूप से बनाई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में एंटी-लार्वा गतिविधियों (सोर्स रिडक्शन) में तेजी लाई जाए। जिला प्रजनन एव शिशु रोग अधिकारी डॉ धर्मवीर फौजदार ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की विशेष ट्रैकिंगः मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और शत-प्रतिशत लाइन-लिस्टिंग करने के निर्देश दिए गए। बीसीएमओ ने स्पष्ट किया कि प्रसव के समय इन महिलाओं के लिए जिला अस्पताल स्तर पर रक्त की अग्रिम व्यवस्था और सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मानसिंह कार्यक्रम में गति लाने के निर्देशःगैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की बीपी, शुगर और कैंसर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग बढ़ाने को कहा गया। स्क्रीन किए गए मरीजों का डेटा तुरंत पोर्टल पर ऑनलाइन फीड करने के निर्देश दिए गए। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ रामअवतार शर्मा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम पर चर्चाः आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले तनाव, अवसाद या अन्य मानसिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों की उचित काउंसलिंग करने तथा गंभीर मामलों को विशेषज्ञ उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर करने के निर्देश दिए गए इसके साथ ही टेली मानस टोल फ्री नंबर 18008914416 एवं 14416 पर कॉल कर मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं काउंसलिंग प्राप्त कर सकते है ।




अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश चन्द मीणा के द्वारा टीबी मुक्त राजस्थान कार्यक्रम एवं एनीमिया मुक्त राजस्थान ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी दी कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय कुमार सिंघल ने मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित कार्मिक के खिलाफ तुरंत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# चौफुल्या में केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर हुआ प्रदर्शन प्रधानमंत्री का फूका पुतला





● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/चौफुल्या / चंवरा /उदयपुरवाटी।** दिल्ली जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी व निहत्थे छात्र छात्राओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज व हमले के विरोध स्वरूप बुधवार को चोफुल्या में एडवोकेट के के सैनी उदयपुरवाटी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर,देश के सबसे कमजोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर, देश के युवाओं के साथ न्याय की मांग की ।साथ ही शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा देने की मांग, पेपर लीक पुनः नहीं हो इसके लिए ठोस व स्पष्ट दंड पूर्ण नीति बनाना व नीट पेपर लीक प्रकरण से अवसाद में आकर जांन गंवाने वाले लगभग दो दर्जन छात्र छात्राओं के परिवार जनों को 1-1 करोड़ मुआवजा राशि दिलाने की मांग करना एवं धरना प्रदर्शन कर संसद घेराव में निहत्थे छात्र छात्राओं पर दर्ज केस वापस लेने की पुरजोर मांग की। ये धरने प्रदर्शन आदि उक्त मांगे पूर्ण नहीं ,होने तक ,जारी रहेगे। इस दौरान के के सैनी उर्फ किशोर कुमार सैनी, मोहनलाल किशोरपुरा सरपंच,सुरेश मीणा,महेश सैनी, सांवर मल खटाना, गिरधारी रावत आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर नारे बाजी की गई। इस दौरान भागु राम,रतन लाल , प्रभाती, अनिल,अमित,भुवनेश हर्षा राम, कैलाश ,धुडा राम, मयूर आदि अनेक दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# जयपुर जेडीए की बैठक में बड़े फैसले

**जयपुर।** राजधानी जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुगम और आधुनिक बनाने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने कई बड़े फैसले लिए हैं। बुधवार को विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में आयोजित 96वीं ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ खाली कराने, एआई आधारित ट्रैफिक मॉनिटरिंग, फ्लाईओवर के नीचे पार्किंग और एरिया ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान लागू करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक में सबसे अधिक जोर पैदल यात्रियों की सुरक्षा पर दिया गया। तय किया गया कि शहर के फुटपाथ केवल पैदल चलने वालों के लिए ही रहेंगे। फुटपाथों पर बने अवैध डेयरी बूथ, दुकानों के अतिक्रमण, रैंप, सीढ़ियां और अन्य निर्माणों को हटाने के लिए जेडीए की प्रवर्तन शाखा विशेष अभियान चलाएगी।

### लागू होगा एरिया ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान

शहर में पहली बार ATMP लागू किया जाएगा। इसके तहत पूरे क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन होगा। प्रमुख मार्गों पर बाधारहित फुटपाथ विकसित होंगे, सड़क और फुटपाथ के बीच ग्रीन मेश फेंस (जालियां) लगाई जाएंगी और रात में सुरक्षा के लिए लो-लेवल लाइटिंग होगी। साथ ही साइकिल ट्रैक, ओपन जिम और बैठने की जगह भी विकसित की जाएगी।

**सिग्नल-फ्री सड़कें:** प्रमुख चौराहों पर आधुनिक राउंड अबाउट (रोटरी) विकसित किए जाएंगे, जिससे बिना ट्रैफिक सिग्नल के वाहन आसानी से निकल सकें।

**मॉल पार्किंग पर सख्ती:** प्रमुख मॉल्स की बेसमेंट पार्किंग में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को हटाकर उन्हें केवल पार्किंग के लिए आरक्षित किया जाएगा। होटलों और अस्पतालों के अवैध रैंप भी हटाए जाएंगे।

# डोटासरा बोले- बीजेपी का कांग्रेस मुख्यालय घेराव चोरी और सीनाजोरी

## कहा- छात्रों से क्रूरता भाजपाई सत्ता ने की, फिर भाजपा प्रदर्शन का ढोंग कर रही



**जयपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में स्टूडेंट्स के प्रदर्शन पर लाठीचार्ज के बाद सियासी विवाद जयपुर पहुंच गया है। बीजेपी ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय घेराव के लिए मार्च किया तो बदले में कांग्रेस ने भी बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने करने की घोषणा कर दी। वहीं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी के घेराव पर तंज कसते हुए इसे चोरी और सीनाजोरी करार दिया। डोटासरा ने सोशल मीडिया एक्स के अपने अकाउंट पर लिखा- उल्टे बांस बरेली को वाली कहावत जयपुर में पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। जहां संसद के भीतर और दिल्ली की सड़कों पर लोकतंत्र का गला घोंटने के बाद अब भाजपाई बेशर्मी की हदें पार कर रहे हैं। पेपर लीक मोदी सरकार में हो, नकल माफिया भाजपा पदाधिकारी निकले, विरोध करने पर छात्रों से बर्बरता की जाए, युवाओं की आवाज उठाने पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार करें और फिर भी बीजेपी प्रदर्शन का ढोंग कर रही है।

### भाजपा प्रदर्शन का क्यों ढोंग कर रही: डोटासरा


डोटासरा ने लिखा- पूरा देश गवाह है कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर छात्रों और राहुल गांधी से भाजपाई सत्ता ने क्रूरता की है। फिर भाजपा प्रदर्शन का क्यों ढोंग कर रही है? जिस समय देश की संसद में राज्यसभा की कार्यवाही चल रही है। उस समय दिल्ली से पर्ची थमाकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को जयपुर में कांग्रेस मुख्यालय घेरने का ढोंग करने के लिए मैदान में उतार दिया गया।

### डोटासरा बोले- बिना सिर-पैर का प्रदर्शन करने चल पड़े बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष

डोटासरा ने एक्स पर लिखा- अक्ल बाजार में बिकती नहीं है। जो थोड़ी-बहुत बची है, उसका दिवाला भाजपा नेतृत्व के बयानों और हरकतों में साफ नजर आ रहा है। आलम ये है कि जिन मदन राठौड़ को विरोध प्रदर्शन के मूल मुद्दे की ढंग से जानकारी नहीं है, वे केवल आलाकमान की पर्चियों के सहारे अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए बिना सिर-पैर का प्रदर्शन करने चल पड़े हैं। जन आक्रोश का सामना करने के बजाय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का उल्टा कांग्रेस कार्यालय को घेरने निकलना, चोरी और सीनाजोरी की पराकाष्ठा के सिवा कुछ नहीं है।

# सांवलियाजी को चढ़ाई 25.65 लाख की चांदी की सिल्लियां

## श्रद्धालु ने बेटे के लिए मांगी थी मन्नत, पूरी होने पर एमपी से आया परिवार



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ में सांवलिया सेठ मंदिर में बुधवार को एक श्रद्धालु ने 11 किलो 400 ग्राम वजन चांदी की 19 सिल्लियां भेंट कीं। इनकी बाजार कीमत करीब 25 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। मध्यप्रदेश के देवास जिले के सोहनगंज क्षेत्र निवासी श्रद्धालु ने अपना नाम सार्वजनिक नहीं किया। मंदिर प्रशासन को बताया कि उसने बेटे से जुड़ी एक मनोकामना लेकर सांवलिया सेठ के दरबार में प्रार्थना की थी। कुछ समय बाद जब उसकी मन्नत पूरी हो गई तो वह धन्यवाद देने के लिए यह भेंट लेकर परिवार के साथ मंदिर पहुंचा। मंदिर प्रशासन ने जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इन सिल्लियों को भंडार में सुरक्षित जमा करा दिया। राजस्थान सर्राफा संघ के प्रदेश महामंत्री किशन पिछोलिया ने बताया कि मौजूदा बाजार भाव के अनुसार 11 किलो 400 ग्राम चांदी की कीमत करीब 25 लाख 65 हजार रुपए है। श्री सांवलिया मंदिर में हर महीने बड़ी मात्रा में नकद दान के साथ-साथ सोना, चांदी और अन्य कीमती वस्तुएं भी श्रद्धालुओं की ओर से भेंट की जाती हैं। मंदिर प्रशासन की ओर से इस चढ़ावे का रिकॉर्ड रखा जाता है और उन्हें सुरक्षित भंडार में जमा किया जाता है। बाद में इन्हें मंदिर की नियमित दान गिनती और रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है।

### सांवलियाजी के भंडार से निकले 38.23 करोड़ रुपए

श्री सांवलिया मंदिर में कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर खोले गए भंडार की गिनती मंगलवार को पूरी हुई। नकद राशि और ऑनलाइन दान को मिलाकर इस बार मंदिर में कुल 38 करोड़ 23 लाख 13 हजार 862 रुपए चढ़ावा आया है। भक्तों ने करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपए का सोना और चांदी भी चढ़ाया है।

# असहाय बच्चों के साथ किए गए श्री हनुमान चालीसा के 108 सामूहिक पाठ

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा जयपुर।** रामचन्द्रपुरा, अजमेर रोड स्थित यादव निवास पर श्री हनुमान चालीसा प्रबन्ध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के पावन सानिध्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेम पाठशाला के सैकड़ों अनाथ एवं असहाय बच्चों ने अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं अनुशासन के साथ एक ही स्थान पर, एक स्वर में श्री हनुमान चालीसा के 108 सामूहिक पाठ किए तथा श्री हनुमान जी महाराज के श्रीचरणों में समस्त मानव समाज के सुख, शांति, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए प्रार्थना अर्पित की। कार्यक्रम के आयोजक रामस्वरूप यादव ने बताया कि इस विशेष अवसर पर श्री भन्दे बालाजी महाराज का भव्य एवं दिव्य दरबार सजाया गया। विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी महाराज का पूजन-अर्चन कर विशेष भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं, बच्चों एवं अतिथियों के लिए श्रद्धापूर्वक पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म एवं सेवा की इस पावन परंपरा का



हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। संत अमरनाथ महाराज ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि श्री भन्दे बालाजी महाराज की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से अनाथ, असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के लिए इस प्रकार के धार्मिक, सामाजिक एवं संस्कारमय आयोजन निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में धार्मिक संस्कार, नैतिक मूल्य एवं भारतीय संस्कृति का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे एक उज्ज्वल, सकारात्मक एवं राष्ट्रहितकारी भविष्य का निर्माण कर सकें। महाराज श्री ने सभी बच्चों को भगवान श्री हनुमान जी के आदर्शों पर चलने, माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी अपने जीवन का आधार बनाने तथा नियमित रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा का वितरण किया गया, जिससे वे केवल पाठ ही नहीं, बल्कि उसके आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी अर्थ को भी समझकर अपने जीवन में आत्मसात कर सकें । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, समिति के श्याम सुंदर मोसूण, मुकेश कुमावत, राजेश विजयवर्गीय, सुखसागर सिंह भाटी, रविंद्र खंगारोत, अशोक विजय वर्गीय,मदन लाल यादव,गोलू,छोटू, यादव,हरसहाय जांगिड़,रतन, राजेंद्र पारीक,महेंद्र बड़ीवाल, आदि भक्तजन उपस्थित रहे ।

# बीडीके अस्पताल से कलेक्ट्रेट तक नर्सिंग विद्यार्थियों ने निकाली 'अंगदान-महादान' जागरूकता रैली

## एक स्वस्थ व्यक्ति अंगदान कर बचा सकता है 8 लोगों की जान, झुंझुनूं जिला अंगदान की शपथ में राज्य स्तर पर शीर्ष पर

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**अरुण मूंड/झुंझुनू।** अंगदान-महादान के कार्यक्रम के तहत जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल से कलेक्ट्रेट तक राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, झुंझुनूं के विद्यार्थियों की ओर से शहर में अंगदान-महादान जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया।

इस रैली मे आमजन को अंगदान के प्रति जागरूक करना और समाज में जीवन बचाने का अहम संदेश दिया गया। नर्सिंग विद्यार्थियों ने नारा लेखन किया एवं तख्तियों पर लिखे नारों को आमजन को जागरुक किया गया है। ओपीडी में आए रोगी यों को भी अंगदान-महादान की मूहिम से जुड़ने हेतू प्रेरित किया गया है।

जागरूकता रैली को बीडीके अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नर्सिंग विद्यार्थियों को नर्सिंग महाविद्यालय को संबोधित किया गया ।



रैली बीडीके अस्पताल परिसर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट तक तथा कलेक्ट्रेट से रोड नंबर 1 से होते हुए पुन: बीडीके अस्पताल पहुंचकर संपन्न हुई। रैली को संबोधित करते हुए पीएमओ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि अंगदान-महादान की मुहिम में युवाओं ,आमजन के द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाकर जुड़ना अत्यंत ही अनुकरणीय एवं सराहनीय कदम है। जिलेभर के आमजन की जागरूकता का परिचायक है। अंगदान की मुहिम से अनेकों आमजन को जीवनदान मिला है।

रैली के दौरान शहरवासियों को यह महत्वपूर्ण संदेश दिया गया कि अंगदान ही महादान है, क्योंकि एक स्वस्थ व्यक्ति अपने अंगों का दान करके 8 जरूरतमंद लोगों का जीवन बचा सकता है।

जन-जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर आरएमओ डॉ सिद्धार्थ शर्मा , अंगदान नोडल अधिकारी एवं सहायक आचार्य सर्जरी डा अभय सिंह , जीकॉन नोडल अधिकारी श्रीमती अंजना चौधरी,नर्सिंग अधीक्षक प्यारेलाल, मंजू कटारिया, सरिता सैनी, पूनम भास्कर, पूनम डांगी उपस्थित रहे।

# उदयपुरवाटी में कांग्रेसियों का केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री का फूका पुतला, धर्मेंद्र प्रधान का मांगा इस्तीफा, पेपर लीक पर चुप, विपक्ष पर सख्त-यही है मोदी सरकार की प्राथमिकता ...... भगवाना राम सैनी

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** कस्बे में जयपुर रोड पर उपखंड कार्यालय के सामने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि बार-बार हो रहे पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं की अव्यवस्था ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। सरकार जवाब देने के बजाय विपक्ष की आवाज़ दबाने में लगी हुई है।

राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं के साथ पुलिस के कथित दुर्व्यवहार और हिरासत की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की। इस अवसर पर विधायक भगवान राम सैनी एवं कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी ने कहा कि जब युवाओं को न्याय चाहिए, तब सरकार प्रचार में व्यस्त है; जब जवाबदेही तय होनी चाहिए, तब विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है। यही मोदी सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। उन्होंने शिक्षा मंत्री तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। इस दौरान



उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बीएल सैनी , अकरम मुगल युवा नेता विधानसभा अध्यक्ष कांग्रेस सेवा दल कमेटी झुंझुनू जिला उपाध्यक्ष मुस्लिम महासभा ,कांग्रेस नगर अध्यक्ष शिवप्रसाद चेजारा, पूर्व सरपंच प्रहलाद गिल, श्यामलाल सैनी, रामकरण सैनी, विश्वेश्वर लाल सैनी, प्रवीण मिश्रा छापोली , डॉ मुकेश सैनी ,मोहनलाल सैनी, अमित अली कच्छावा, राहुल चेजारा ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य किशोर लाल सैनी इंद्रपुरा ,एडवोकेट मोतीलाल सैनी,ज्ञान सिंह शेखावत, दिनेश औलखा माहिर खान,जमील कुरैशी ,गोविंद वाल्मीकि, संजय खान सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे ।

# जयपुर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा से पुलिस की धक्का-मुक्की

**जयपुर।** जयपुर में बुधवार को भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। कमिश्नरेट के सामने कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। प्रदर्शन के दौरान एक महिला बेहोश हो गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जयपुर में कांग्रेस लगातार दूसरे दिन सड़क पर उतरी है। कांग्रेस के घेराव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- बीजेपी वाले नाथूराम गोडसे के वंशज है। ये गोली चलाना जानते हैं। आंदोलनों का दमन करना जानते हैं। मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से कम इन नौजवानों के साथ न्याय और लोकसभा में चर्चा से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। गोली लग जाए गोविंद डोटासरा और कांग्रेस के लोग गोली खाने को तैयार हैं। बीजेपी के प्रदर्शन पर बोले- मैच फिक्सिंग थी। पानी की हल्की फुहारें छोड़कर, हंस कर, मिठाई खाकर घर चले गए।

### पुलिस ने रोका तो लौटे प्रदर्शनकारी

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस मुख्यालय से कार्यकर्ता सडकों पर उतरे। भाजपा मुख्यालय की तरफ कूच कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कमिश्नरेट कार्यालय के सामने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। वहीं इस दौरान वाटर कैनन से पानी की बौछार करते हुए रोका। बाद में यहीं से कांग्रेस कार्यकर्ता वापस चले गए।

# झुंझुनूं में अग्रवाल समाज समिति का पर्यावरण संरक्षण की ओर बड़ा कदम, 2800 कलमी पौधों का वितरण

## जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**सुमेर सिंह राव/झुंझुनूं।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित के उद्देश्य से भव्य पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 2800 कलमी पौधों का वितरण शहरवासियों को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्री अरुण गर्ग रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अग्रवाल समाज समिति के इस पर्यावरण संरक्षण के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को प्रकृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं और सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का सक्रिय योगदान रहा।

### अग्रवाल समाज समिति के पदाधिकारी:



संयोजक - आशीष श्री मोहन तुलस्यान, अध्यक्ष - गणेश हलवाई, मंत्री - अजीत राणा सरिया, कोषाध्यक्ष - रितेश सिंघानिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि गुप्ता, संदीप गोयल, चंद्रकांत बंका, मनीष अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयंका, श्याम सुंदर जालान, शिवचरण हलवाई, जुगल किशोर मोदी, बालकिशन भूकानिया, जिमी मोदी, सपन राणासरिया, ताराचंद भोड़कीवाला, राहुल अग्रवाल, राजकुमार तुलस्यान, नारायण जालान, कैलाश सिंघानिया, नवीन केजरीवाल, उषा केडिया, ममता जालान, संगीता, निर्मला ढंढारिया सहित अग्र बंधु एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। पौधा वितरण कार्यक्रम में पधारे सभी अग्र बंधुओं एवं समस्त शहरवासियों का हृदय से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद। आप सभी ने अपना अमूल्य समय निकालकर अग्रवाल समाज के इस पर्यावरण संरक्षण एवं जनहितकारी आयोजन को सफल बनाने में जो सहयोग और स्नेह प्रदान किया, उसके लिए हम आपके अत्यंत आभारी हैं। आप सभी का स्नेह, सहयोग एवं उत्साहवर्धन हमें भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य

# सचिन बोले- पेपरलीक नौजवानों के लिए कैंसर बन चुका

**जयपुर।** जयपुर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा- देश की राजधानी दिल्ली में छात्रों के साथ जिस तरह हिंसक व्यवहार किया गया, उसे पूरे देश ने देखा है। सोशल मीडिया और यूट्यूब का दौर है, इसलिए सच्चाई किसी से छिपी नहीं है। निहत्थे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया। आंसू गैस के गोले छोड़े गए। उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए। कई छात्र अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि उनका कसूर सिर्फ अपनी बात सरकार तक पहुंचाना था। जयपुर के झालाना डूंगरी स्थित अंबेडकर हॉस्टल में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पायलट ने पेपर लीक और दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ यह कहा। छात्रों से संवाद करते हुए पायलट ने कहा- सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। अगर छात्र अपनी मांगों को लेकर राजधानी पहुंचे थे तो सरकार को उनसे संवाद करना चाहिए था, लेकिन उनकी आवाज दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया गया।

### मंत्री को बर्खास्त करे सरकार, छात्रों पर दर्ज FIR वापस ले

सचिन पायलट ने कहा- सरकार को संबंधित मंत्री से इस्तीफा लेना चाहिए और उन्हें तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। साथ ही प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों छात्रों पर दर्ज सभी एफआईआर भी वापस ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा- संसद में इस मुद्दे पर केवल औपचारिक चर्चा नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली बहस होनी चाहिए ।

# आंदोलन पटना में बेकाबू: पुलिस-छात्र आमने-सामने, लाठीचार्ज और पत्थरबाजी के बाद राजधानी में सुरक्षा हाई अलर्ट

**पटना।** नीट पेपर लीक के विरोध में पटना में बुधवार को छात्रों का प्रदर्शन दिनभर उग्र बना रहा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी राजभवन होते हुए मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए। छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने रोक दिया। इसके बाद भीड़ के नहीं हटने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें कई छात्र घायल हो गए। आरोप है कि पुलिस ने घायल छात्रों को भी घसीटते हुए पुलिस वाहनों में बैठाकर थाने पहुंचाया। घटना के बाद लोकभवन और मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई।



### पटना में कई घंटे तक बवाल

दरअसल, दिल्ली के जंतर-मंतर पर मंगलवार को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को पटना में व्यापक प्रदर्शन हुआ। शाम के समय डाकबंगला चौराहे पर हालात तब और बिगड़ गए, जब लाठीचार्ज से नाराज छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इस पूरे घटनाक्रम में कई छात्र और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

### छात्रों के आगे बैरिकेड फेल

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पटना पुलिस ने शहर के कई प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की, लेकिन छात्र लगातार बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ते रहे। पिछले कई घंटों से पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव जारी है। आक्रोशित छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इससे कुछ समय के लिए प्रदर्शन शांत हुआ, लेकिन थोड़ी ही देर बाद छात्र दूसरे स्थानों पर एकत्र होकर फिर प्रदर्शन शुरू कर देते थे।

### झड़प में आईजी समेत कई घायल

हालात को देखते हुए राजधानी पटना में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है, वहीं बीजेपी और जेडीयू कार्यालयों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कई छात्र, पुलिसकर्मी और कुछ पत्रकार घायल हुए हैं। इस दौरान आईजी जितेंद्र राणा भी घायल हो गए।

### राजधानी में सुरक्षा हाई अलर्ट

छात्रों के उग्र प्रदर्शन और शहर में बढ़ते तनाव को देखते हुए डाकबंगला चौराहे पर एसएसबी, सीआरपीएफ और बीएसएफ के जवान तैनात कर दिए गए हैं। इसके साथ ही बिहार विधानसभा परिसर की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। विधानसभा के बाहर और भीतर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। एहतियात के तौर पर विधानमंडल का मुख्य प्रवेश द्वार भी बंद कर दिया गया। वहीं, मुख्यमंत्री आवास और लोकभवन की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

## वांगचुक से मिलने पहुंचे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने रोका: मेदांता के गेट पर धरने पर बैठे

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ कोई एक्शन न हो। सरकार भरोसा दे तो वे अनशन खत्म कर सकते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकार की तरफ से बातचीत की पेशकश ठुकरा दी। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि वे बातचीत के लिए किसी के घर या दफ्तर नहीं जाएंगे। अगर सरकार बातचीत करना चाहती है तो जंतर-मंतर आए या उसके आसपास किसी जगह पर बैठक करे। दिल्ली हाईकोर्ट में स्टूडेंट्स से मारपीट के मामले में अर्जी पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सरकार से कहा- मारपीट के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखे जाएं। उधर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का आज 33वां दिन है। बुधवार सुबह से हजारों प्रदर्शनकारी यहां मौजूद हैं। इस



बीच सुरक्षा कारणों से दिल्ली के 16 मेट्रों स्टेशन बंद कर दिए गए है। जंतर-मंतर पर बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने अपने जूते-चप्पल को एकत्रित कर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान लाठीचार्ज में 50 से ज्यादा समर्थक घायल हो गए थे। अभिजीत दीपके ने सोनम वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को उनकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी का शांतिपूर्ण प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल से CRPF की 20 अतिरिक्त कंपनियों को दिल्ली में तैनात करने का आदेश दिया है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर करीब 2000 जवानों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से एयरलिफ्ट कर लाया गया। दिल्ली पुलिस ने CJP के प्रदर्शन के दौरान RAF के एक जवान पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, वायरल वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारी RAF जवान के साथ मारपीट करते, RAF के वाहन पर पथराव करते और उसमें तोड़फोड़ करते दिखाई दे रहे हैं।

### मेदांता के गेट पर रोके गए विपक्षी सांसद, धरने पर बैठे

सोनम वांगचुक से मिलने गुरुग्राम में मेदांता अस्पताल पहुंचे विपक्षी सांसदों को अस्पताल के गेट पर रोक दिया गया। पुलिस ने कहा कि केवल परिवार को मिलने की अनुमति है। इसके बाद सभी सांसद गेट पर ही धरने पर बैठ गए।

## लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय पर महिला कार्यकर्ता लाठी लेकर तैनात

### भाजपा की कांग्रेस दफ्तर घेराव की कोशिश; पटना में पत्थरबाजी, जयपुर में वाटर कैनन चलाई

**पटना/भोपाल/रायपुर/लखनऊ।** नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के बाद देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। बुधवार को लखनऊ में बीजेपी कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए कांग्रेस कार्यालय पर महिला कार्यकर्ता लाठी लेकर तैनात हैं। पीएम आवास के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद से बीजेपी के कार्यकता लखनऊ समेत देश के कई राज्यों में कांग्रेस कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं पटना में कांग्रेस-बीजेपी नेताओं के बीच पत्थर-डंडे चले। पटना पुलिस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया। इस बीच जयपुर में कांग्रेस कार्यालय घेर रहे बीजेपी कार्यकताओं पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई। यूपी के बनारस में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस उठाकर ले गई। इधर, मध्य प्रदेश में विधानसभा से लेकर सड़कों तक विरोध देखने को मिला। कांग्रेस के विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे। उधर, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकभवन का घेराव किया।




### जयपुर में कांग्रेस के कूच को पुलिस ने रोका, भाजपा कार्यालय घेरने जा रहे थे


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जयपुर में कांग्रेस लगातार दूसरे दिन सड़क पर उतरी है। कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा प्रदेश कार्यालय घेरने निकले हैं। पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे हैं। कांग्रेस के घेराव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। वहीं इससे पहले पीएम आवास के बाहर कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में जयपुर में भाजपा कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने निकली।

# अभिजीत दीपके का सरकार को अल्टीमेटम, मांगें पूरी नहीं हुई तो जारी रहेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी- सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने ने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि, जब तक छात्रों की मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक जंतर मंतर पर प्रदर्शन जारी रहेगा। दीपके ने एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से भूख हड़ताल खत्म करने की भावुक अपील की है। उन्होने कहा कि, वांगचुक 25 दिन से अनशन कर रहे हैं जिससे उनकी जिंदगी को खतरा है।

### दीपके ने सरकार को चेताया

सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि, सरकार क्या करने की योजना बना रही है? क्या 20 जुलाई को दिल्ली पुलिस और **RAF** द्वारा छात्रों का खून बहाया जाना काफी नहीं था? हम एक महीने से ज्यादा समय से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। क्या सरकार और भी बेगुनाह छात्रों का खून बहाना चाहती है? छात्रों की



मांगों पर सरकार को निर्णय लेना ही होगा।

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन जारी रहेगा

दीपके ने कहा, देश को सोमन वांगचुक की जरूरत है, और उनकी जान कीमती है कि उसे और खतरे में नहीं डाला जा सकता। जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं। वांगचुक अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दें। हम यह प्रदर्शन जारी रखेंगे। मुझे यह विश्वास है कि यदि सोनम वांगचुक अपनी भूख हड़ताल खत्म कर देते हैं, हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।

### छात्रों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील

अभिजीत दीपके ने प्रदर्शन में शामिल छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होने कहा कि, हम ऐसा कुछ भी गलत नहीं करेंगे जिससे हमारा विरोध प्रदर्शन या हमारे देश की बदनामी हो। हमारा विरोध प्रदर्शन महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के रास्ते पर चलेगा और शांति से जारी रहेगा। हमारा विरोध प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।

### वांगचुक मेदांता अस्पताल में हैं भर्ती

एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में वांगचुक से कई विपक्षी नेताओं ने मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। वांगचुक का अनशन अस्पताल में भी जारी है।

## भारत के स्टूडेंट प्रोटेस्ट पर वर्ल्ड मीडिया

### एनवाईटी ने लिखा- प्रदर्शनकारियों का खून बहा, लेकिन झुके नहीं; गार्डियन बोला- छात्र पीछे हटने को तैयार नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन की गूंज विदेशी मीडिया तक पहुंची है। न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्डियन, बीबीसी समेत कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने इसे प्रमुखता से कवर किया है। सोमवार को CJP ने जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई, आंसू गैस के गोले छोड़े गए और पथराव भी हुआ। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। पढ़िए, किस विदेशी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में क्या लिखाज

### न्यूयॉर्क टाइम्स: प्रदर्शनकारियों का खून बहा, लेकिन वे डटे रहे

अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिखा कि खून बहा, लाठियां चलीं, आंसू गैस के गोले दागे गए, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे। संसद मार्च के अगले ही दिन हजारों छात्र फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और सरकार से जवाब मांगने लगे। अखबार के मुताबिक, छात्र शिक्षा व्यवस्था और भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार अब भी उनकी मांगों पर चुप है। रिपोर्ट में आंदोलनकारी संगठनों के हवाले से 150 प्रदर्शनकारियों के घायल होने का दावा किया गया है। वहीं, दिल्ली पुलिस का कहना है कि 118 पुलिसकर्मी घायल हुए और करीब 70 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया।

### द गार्डियन: प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं

ब्रिटेन के अखबार गार्डियन ने लिखा कि पुलिस की कार्रवाई भी छात्र आंदोलन को रोक नहीं सकी। सोमवार की झड़प के अगले दिन हजारों प्रदर्शनकारी फिर जंतर-मंतर पहुंच गए और साफ कर दिया कि वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

## 'छात्रों के प्रदर्शन में गुंडे घुस आए, पुलिस कर्मियों पर हमला किया', सीजेपी प्रोटेस्ट के बीच चिराग पासवान का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में चल रहे छात्रों के प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बडा बयान दिया है। उन्होंने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सरकार हमेशा बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व (गुंडे) छात्रों के नाम पर हिंसा फैला रहे हैं। पासवान ने जोर देकर कहा कि छात्रों से सरकार लगातार संपर्क में है और मुद्दे को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही एक मंच बनेगा जहां सबकी बात सुनी जाएगी और समाधान निकलेगा।

### पुलिस कर्मियों पर हमले का दावा

इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस कर्मियों पर भी हमले की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह देखा जा रहा है कि उन पर पथराव हो रहा है और अफरा-तफरी का माहौल है। चिराग पासवान ने इन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा- ये देखकर दुख होता है। छात्रों के मुद्दे पर शांतिपूर्ण तरीके से बात हो सकती है, लेकिन कुछ लोग इसे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।





### असामाजिक तत्व प्रदर्शन में घुसे

चिराग ने आरोप लगाया कि राजनीतिक पार्टियां अगर बीच में न पड़ीं तो यह मुद्दा जल्द सुलझ सकता है। पासवान ने यह भी कहा कि असामाजिक तत्व छात्रों की आड़ में घुस आए हैं, जो पूरे आंदोलन की छवि खराब कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सरकार की तरफ से खुला संदेश दिया। उन्होंने कहा- हम हमेशा डायलॉग के पक्ष में हैं। सबसे बड़ी समस्याएं भी स्वस्थ चर्चा से हल हो सकती हैं। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और निरंतर बातचीत चल रही है।

### इस वजह से नाराज हैं युवा

देशभर में छात्र पेपर लीक, नौकरियों और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर आक्रोशित हैं। कांग्रेस ने एक दिन पहले इसे मुद्दा बनाकर लोक कल्याण मार्ग पर पीएम आवास के पास प्रदर्शन भी किया, जहां राहुल गांधी समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। पुलिस ने कुछ नेताओं को हिरासत में भी लिया।

इस पर सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया कि सभी मुद्दों पर संसद में चर्चा की जाएगी। संसद में भी आज भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्ष छात्रों की मांग पर अडा रहा, भारी बवाल के बाद राज्यसभा को कल तक के लिए स्थगित करना पडा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।